२. द्वितीय अध्याय : उत्तर हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति के अप्रकाशित, अप्रचलित और नवनिर्मित औडव-औडव जाति के राग |

२.० प्रस्तावना

इस अध्याय के अंतर्गत उत्तर भारतीय संगीत पद्धति के अप्रकाशित, अप्रचलित और नवनिर्मित औडव-औडव जाति के रागों का शास्त्रोक्त विवरण के साथ संकलन तथा उनका परिचय एवं उपलब्ध बंदिशें दी गई है :

२.१ बिलावल थाट के औडव-औडव जाति के राग |

२.१.१ राग : भिन्न षड्ज

थाट : बिलावल

वर्ज्य स्वर : ऋषभ तथा पंचम स्वर वर्ज्य

जाति : औडव-औडव

स्वर : सब शुद्ध स्वर

वादी : म

संवादी : सा

गायन समय : मध्यरात्री

आरोह : सा ग, म ध, नि सां

अवरोह : सां, नि ध, म ग, सा

पकड़ : सा, ऩि ध़ ऩि, साम, गमधनि ध, म ग, सा

विशेषता : इस राग में रागेश्री की छाया दिखाई देती है। लेकिन रागेश्री खमाज थाट का राग है; तथा रागेश्री के अवरोह में कोमल निषाद तथा ऋषभ लिया जाता है।[१] इस राग को कौशिकध्वनि तथा हिंदोली नाम से भी जानते है | इस राग में 'धम' तथा 'धग' की स्वर संगती सुंदर प्रतीत होती है |[२]

स्वर विस्तार: सा, सा ऩि सा, ऩि ध़, म़ ध़ ऩि ध़ म़, म़ ध़ ऩि सा। सा, ग सा, सा ऩि ध़ ऩि, म़ध़ऩि, म़ ध़ ऩि सा, ऩिसा ग सा, ऩिग - सा, ऩिध़, म़ध़ऩिसा। गगसाऩिध़ऩिसागमग-, ऩिसग, ध़ऩिसाग, साग मग, साम ग,म ग सा। सा ग म, ऩिसागम, ध़ऩिसागम, गम, मग, साग-म, साम, गम, गमधग, मग, ध म ग - सा। गगसाऩिध़ऩिसागमध-, ग म ध, गमध-

नि-ध-,मनी-ध,गमधनि, निधमग, मधनीध म ग, म ग - सा। गमधनि, मधनी, निधमग, मधनिसां, निसां, मधनिसां, गमधनि सां, धनिसां गं सां, धनी सांगं मं गं सां, निध, मधनि सां नि ध, निध मग, साग मग, म-गसा, ऩिसा, ध़ऩिसाग म ग - सा।[३]

राग : भिन्न षड्ज - त्रिताल (मध्यलय)

स्थायी : श्याम तिहारी मदन मुरलिया तन कसके मन मोह्यो।

अंतरा : यह सजीव जगत जल थल सब, नाद ताल सुर सकल देव गन मोह्यो।।

स्थायी

			सा
			श्या
ग म - ध	ग - - म	- - साग मग	ग - सा ऩि
ऽ म ऽ ति	हा ऽ ऽ री	ऽ ऽ मऽ ऽऽ	द ऽ न मु
३	×	२	०
ध़ ऩि सा म	ग गम ध ग	मध निसां नि सां	निध निग म सा
ऽ र ऽ लि	या तन क स	केऽ ऽऽ म न	मोऽ ऽऽ ह्योश्या
३	×	२	०

अंतरा

ग म ध धनि	सां सां नि नि	सां - नि सां	नि ध म ग
य ह स जीऽ	ऽ व ज ग	त ऽ ज ल	थ ल स ब
०	३	×	२
नि ध नि सां	गं गं सां सां	नि सां निध धनि	सां सां नि सां
ना ऽ द ता	ऽ ल सु र	स क लऽ देऽ	ऽ व ग न
०	३	×	२
निध निग म सा	[४]		
मोऽ ऽऽ ह्यो श्या			
०			

राग : भिन्न षड्ज - एकताल (विलंबित)

स्थायी : झनन-झनन-झनन बाजे सखी मोरी नाचे गावे।

अंतरा : सुनत बुध करी आनंद, अमर गुण ध्यान धरत, अब अंगवा मनवा संग मंद मंद सुगंध साजे।

स्थायी

सां नि	सां (नि)ध	ध म	ग ग	म ग	- सा
झ न	न झ	न न	झ न	न बा	ऽ जे
×	०	२	०	३	४

ध़ ऩि	सा म	ग -	म ध	निनिधम मधनिसां	निसां धनि
स खी	मो ऽ	री ऽ	ना चे	गाऽऽऽ ऽऽऽऽ	ऽऽ वेऽ
×	०	२	०	३	४

अंतरा

म ग	म नि	नि ध	सां सां	ध सां	- सां
सु न	त बु	ऽ ध	क री	आ नं	ऽ द
×	०	२	०	३	४

ध नि	सां मंगंमं	गं सां	सां -	नि सां	(नि)ध ध
अ म	र ऽऽऽऽ	गु ण	ध्या ऽ	न ध	र त
×	०	२	०	३	४

म ग	म ध	निनिधम मधनिसां	--निध निधग-	मधनिसां -	नि सां
अ ब	अं ग	वाऽऽऽ ऽऽऽऽ	ऽऽमऽ ऽऽनऽ	वाऽऽऽ ऽ	सं ग
×	०	२	०	३	४

सां नि	सां (नि)ध	- म	ग ग	म ग	- सा
मं ऽ	द मं	ऽ द	सु गं	ध सा	ऽ जे
×	०	२	०	३	४

रचनाकार : उस्ताद अमान अली खाँ साहब (भेंडी बझार घराना)

२.१.२ राग : रसरंजनी / सुरनन्दिनी

थाट : बिलावल

वर्ज्य स्वर : गंधार तथा पंचम

जाति : औडव-औडव

स्वर : सब स्वर शुद्ध

वादी : म

संवादी : सा

गायन समय : मध्यरात्रि

आरोह : सा रे म ध नि सां

अवरोह : सां नि, ध-म, ध-म रे- सा

पकड़ : सा ऩि ध़ ऩि सा म, म ध नि ध म रे सा

विशेषता : यह बिलावल ठाठ का एक अप्रचलित मधुर राग है | इस राग में 'रेम' संगती होने के कारण राग दुर्गा का आभास होता है; परन्तु इस राग में पंचम का वर्ज्य होना तथा निषाद का प्रबल होना इन सब बातों के कारण राग दुर्गा से यह अलग दिखाई देता है | इस राग में तार षड्ज मुख्य न्यास स्वर है |[६] इस राग के समीप के रागों में 'भवानी' नामक चतुस्वरी जाति की रागिनी है जिसके अंतर्गत सा रे, म, ध' स्वरों का प्रयोग होता है; तथा गंधार, पंचम एवं निषाद वर्ज्य है | और एक 'जय भवानी' नामक राग है जो रसरंजनी के समीप का राग है; जिसे बी. सुब्बा राव जी ने निर्मित किया है, जिसमें जयजयवंती की 'ध़ ऩि रे, स्वर संगती का प्रयोग राग भवानी के अवरोह के अंत में कर के बनाया गया है; जिसका

आरोह अवरोह स्वरुप इस प्रकार है- ‘सा रे म ध सां - सां ध म – रे सा -, ध़ ऩि रे - म-’ |[७]

रसरंजनी राग, भिन्नषडज से करीब का राग है । फर्क इतना है की भिन्नषडज में रिषभ स्वर वर्ज्य है; तथा रिषभ के स्थान पर गंधार लिया जाता है । ऐसा भी कह सकते हैं की राग दुर्गा में पंचम वर्ज्य करके निषाद स्थापित करने से इस राग के स्वर सामने आते हैं | कुछ गुणीजन इसका वादी संवादी ‘सा-म’ मानते हैं |[८]

स्वर विस्तार: सा ऩि ध़ ऩि सा, ध़ ऩि सा रे सा ऩि ध, म़ ध़ ऩि सा। ध़ऩि साम, ऩिसाम, म रेम, रेमधम धध म, ध म रे सा । ऩिसा मम रेस ऩिसा रेम ध, म ध नि ध, म ध नि सां नि ध, नि ध म, ध म रे सा। म ध नि ध, म ध नि सां, ध नि सां रें, सांरें सांसां नि, धनिसांमं- रें सां, ध नि सां रें सां रें सांसां नि ध, म ध नि ध म, ध म रे, म रे सा।[९]

राग : रसरंजनी - मध्यलय (त्रिताल)

स्थायी : कैसे कटे रैन पिया बिन बालमा डर लागे मोहे मैं कित जाऊँ |
अंतरा : एक तो पिया न पास दूजे कोऊ हमरो संग न साथी, अपनी बिथा मैं काको सुनाऊँ |

स्थायी

नि
कै

ध म म रे	म - - म	रे - सा सा	रे रे सा सा
से क टे ऽ	रै ऽ ऽ न	पि या बि न	बा ल मा ड
३	×	२	०
सा रे म म	[ध]नि - ध -	म रे रे म	रे - सा नि
र ला ऽ गे	मो ऽ हे ऽ	मैं ऽ कि त	जा ऽ ऊँ कै
३	×	२	०

अंतरा

म
ए

म [नि]ध - नि	सां - - -	सां - रें -	सां - - सां
क तो ऽ पि	या ऽ ऽ ऽ	न ऽ पा ऽ	स ऽ ऽ दू
३	×	२	०
सां [मं]रें मं रें	सांनि रेंसां नि -	ध - म म	रे - सा सा
जे को ऽ ऊ	हऽ मऽ रो ऽ	सं ऽ ग न	सा ऽ थी अ
३	×	२	०
सा रे म म	[ध]नि - ध -	म रे रे म	रे - सा नि [१०]
प नी ऽ बि	था ऽ मैं ऽ	का ऽ को सु	ना ऽ ऊँ कै
३	×	२	०

२.१.३ राग : सालंग सारंग(सालंग)

थाट : बिलावल तथा काफी

वर्ज्य स्वर : 'ग ध' स्वर

जाति : औडव-औडव

स्वर : सब स्वर शुद्ध

वादी : रे

संवादी : प

गायन समय : दोपहर

आरोह : सा, रे, म प, नि, सां

अवरोह : सां, नि प, म, रे, ऩि सा

पकड़ : म रे ऩि सा, ऩि, प़ ऩि सा रे, म प नि प, म रे, ऩि, सा

विशेषता : सारंग का यह एक अप्रचलित प्रकार है | इस राग में सारे स्वर शुद्ध होने से इसे बिलावल ठाठ में रखा गया है | सारंग का प्रकार होने के कारण कुछ गुणीजन इसे काफी ठाठ जन्य भी मानते हैं | इस राग में मध्यम स्वर मुक्त है | इस राग में भी सारंग के अन्य प्रकारों के भांति मंद्र निषाद पर बार-बार न्यास किया जाता है; जैसे - 'म, रे ऩि सा ऩि' अथवा 'म, रे सा, रे सा ऩि' | वृंदावनी सारंग तथा मध्यमादि सारंग भी औडव जाति के राग है; फर्क सिर्फ इतना है, वृंदावनी में दो निषाद मतलब की आरोह में शुद्ध निषाद तथा अवरोह में कोमल निषाद का प्रयोग होता है तथा मध्यमादि में सिर्फ कोमल निषाद का प्रयोग होता है | जब इस राग में सिर्फ शुद्ध निषाद है | इस राग की रचनाओं में विलंबित एकताल में

'बहुत दिनवा बीतत बीत गये' तथा एकताल मध्यलय में 'जारे जारे जारे जाय कहो' है |[११]

इस राग में वादी संवादी 'सा म' भी मानते हैं | इस राग के निकटवर्ती रागों में शुद्ध सारंग भी है; जिसके अंतर्गत दोनों मध्यम तथा अवरोह में धैवत का प्रयोग होता है | जब, सालंग सारंग में धैवत तथा तीव्र मध्यम वर्ज्य है |[१२]

स्वर विस्तार : सा, ऩिसा, रे, मरे, प, मरे, सरे, ऩि, सा, ऩि, प, ऩि सारे, मरे, प, मप, निप, मरे, रे, म प, नि, सां, रें सां, नि, नि प, म, रे, पमरे, सारे, ऩि, सा |[१३]

राग : सालंग सारंग - त्रिताल (मध्यलय)

स्थायी

(म)रे
अ

म प नि सां	नि - (नि)प प	मरे रे रेम प	मरे - सा (म)रे
ब तो मो री	मा ऽ न मु	रऽ ख मऽ न	वाऽ ऽ ऽ का
म प नि सां	नि - (नि)प प	मरे रे (प)म प	मरे - सा (म)रे
ऽ हे ऽ ध	रे ऽ ऽ नि	रऽ र्थ अ भि	माऽ ऽ न का
३	×	२	०

अंतरा

(म)रे
चा

म पनि नि सां	सां - सां नि	सां सांरें मं रें	सां - सां नि
ऽ रऽ ऽ दि	न ऽ की रू	ऽ पऽ ऽ जो	ब ऽ न औ
- नि (सा)नि (रें)सां	नि - प प	म रे (प)म प	मरे - सा रे
ऽ र ध न	मा ऽ न तु	ऽ म प र	प्याऽ ऽ रे रा
म प - नि	सां - - रें	सां नि - प	मरे - सा (म)रे १४
ऽ त ऽ क	रे ऽ ऽ ह	र गु ऽ ण	गाऽ ऽ न अ
३	×	२	०

२.१.४ राग : मलुहा सारंग

थाट : बिलावल

वर्ज्य स्वर : आरोह में 'ग ध' तथा अवरोह में 'नि ग' स्वर

जाति : औडव-औडव

स्वर : सब स्वर शुद्ध

वादी : रे

संवादी : प

गायन समय : दोपहर

आरोह : सा रे म प नि सां

अवरोह : सां धपम, रे, प म, रे, ऩि सा, ध़प़, म़, प़ ऩि सा

पकड़ : सा ध़प़, म़, प़ ऩि सा, रे म रे, प म रे, ऩि सा

विशेषता : मलुहा तथा सारंग दोनों के मेल से बना हुआ सारंग का यह एक अल्प प्रचलित प्रकार है | इस राग में 'सा, ध़प़, म़, प़ ऩि सा' यह मलुहा अंग आता है | इस राग में आरोह में सारंग है तथा अवरोह के उत्तर भाग में मलुहा का अंग 'सां धपम' अथवा नि, सां, ध, पम' एवं पूर्वांग में 'पमरेसा', 'ऩिसारे सारे' यह स्वर समूह लिया जाता है | निषाद पर न्यास कर के मींड से 'सा' पर आने से यह राग अधिक स्पस्ट होता है | इस राग का चलन मंद्र-मध्य सप्तक में अधिक है | विलंबित ख्याल के लिए उपयुक्त है | इस राग की रचना में: कैसे सजन घर जाऊँ-तीनताल (मध्यलय) है |

इस राग का और एक प्रकार है; जिसमें दोनों निषाद प्रयुक्त होते है | जीसके अंतर्गत अवरोह में मलुहा अंग के साथ बीच-बीच में 'सानि̱पमरे' इस तरह से कोमल निषाद युक्त सारंग अंग दिखाते हुए काफी तथा बिलावल का मिलाजुला औडव-षाडव जाति का प्रकार मानते हैं |

इस राग का निकटवर्ती राग यशोवती सारंग है | जिसमें पटदीप अंग तथा उत्तरांग वादी होने से यह दोनों राग एक दुसरे से भिन्न दिखाई देते है | इस राग का मुख्य स्वर समुदाय 'सा, ध़प़म़, प़नी़, सा, सा, रे म रे, पमरे, सा रे, ऩि, सा, रे, मपनी़, सां, धप, म, पनीसां, धपधम, पम, रे, ऩि, सा' राग में बार-बार आता रहता है |[१५]

चलन :- सा, ऩि सा, ऩि ऩि सा, ऩि सा, रे, सारे, ऩि, सा, रे, मरे, पमरे, ऩि, सा, - ध़प़, म़ - म़ प़ - ऩि- ऩि सा, ऩि ऩि सा, सा रे म - म ऩि रे सा - ध़प़, म़ |[१६]

दो निषाद वाला प्रकार

सा, ऩि सा, ध़ प़ म़ -, प़ ऩि, सा-, रे, मरे, पमरे-, ऩि, सा- | सा-, ऩि̱ -, प़, म़प़, ऩि, सा-, सा, ध़प़ ध़म़, प़ ऩि, सा-, रे, मरे, पमरे-, ऩि, सा-, सा, रे, मप, नि̱प, प, नि, सां--, सां, धप, म, प नि - सां -, रें सां, नि̱ -, प-, धप, धम, पमरे-, सारे, ऩि -, सा |[१७]

राग - मलुहा सारंग - सरगम गीत (त्रिताल)

स्थायी

रे म प म	रे सा ध़ प़	म़ - प़ ऩि	- ऩि सा -
रे म प नि	सां रें नि सां	ध प ध म	प म रे म
०	३	×	२

अंतरा

म म म प	प प नि सां	सां सां सां सां	रें नि सां - १८
रें मं रें सां	नि सां ध प	म प म रे	ऩि - सा -
०	३	×	२

मलुहा सारंग - त्रिताल (दो निषाद वाला प्रकार) दुसरा प्रकार

स्थायी

ऩि रे सा सा	- धऩप म़ म़	प़ - ऩि -	सा - सा -
पि ह र वा	ऽ कोऽ स म	झा ऽ ऊ ऽ	कै ऽ से ऽ
०	३	×	२
ऩि सा रे म	म - प प	नि॒ नि॒ प म	रे - सा -
ए क हु न	मा ऽ न त	मो ऽ री बा	ऽ ऽ त ऽ
०	३	×	२

अंतरा

म म म म	प प नि नि	सां सां सां रें	सां नि सां -
नि स दि न	क र त र	ह त च तु	रा ऽ ई ऽ
०	३	×	२
रें - सां सां	धप म - प	सां - प नि॒	प म रे सा
का ऽ स म	झाऽ वे ऽ जो	स ऽ म झे	ऽ ना ऽ ही [१९]
०	३	×	२

२.१.५ राग : यशोवती सारंग

थाट : बिलावल

वर्ज्य स्वर : आरोह में 'ग ध' तथा अवरोह में 'नि ग' स्वर

जाति : औडव-औडव

स्वर : सब स्वर शुद्ध

वादी : रे

संवादी : प

गायन समय : दोपहर

आरोह : सा, रे, म प, नि सां

अवरोह : सां ध प, धम, प म, रे, ऩि, सा

पकड़ : म प, नि, सां ध, प, धम, प म रे, ऩि सा

विशेषता : यह राग सारंग तथा पटदीप के मिश्रण से बना हुवा सारंग का अल्प प्रचलित एक प्रकार है | इस राग के पूर्वांग में सारंग की स्वरावली जैसे - 'ऩि सा रे म रे, रे म प म रे, ऩि, सा' इत्यादि तथा उत्तरभाग में 'म प नि, सां ध, प, धम, प' से पटदीप का अंग स्पस्ट होता है |

इस राग का समप्रकृतिक राग मलुहा सारंग है | इन दोनों रागों में भेद इतना है की मलुहा सारंग में मलुहा अंग है तथा चलन मंद्र मध्य में है; तथा मध्यम पर बार-बार न्यास द्वारा मलुहा अंग दिखाते हैं, जैसे की 'रे, सा ऩि, सा-, ध़ प़ म़, प़ ऩि, सा' | जब की यशोवती सारंग में पटदीप का अंग 'मप नि, सां ध, प, धम, प' लिया जाता है, तथा राग का चलन मध्य-

तार सप्तक में एवं पंचम पर ठहराव; इत्यादि बातों से यह दोनों राग एक दुसरे से भिन्न दिखाई देते हैं | इस राग की राग वाचक स्वर संगती 'नि सां ध, प, धम, प-, रेमपम, रे ऩि सा' है | इस राग की पारंपरिक रचना में त्रिताल में बद्ध 'मालनिया गुंद लावोरी हरवा' है | इस राग में भी सारंग के अन्य प्रकारों की भाँती मन्द्र निषाद पर बार-बार न्यास किया जाता हैं |

स्वर विस्तार- ऩि, सा, रे, मरे, पमरे, सारे, ऩि, सा, ध़, प़, म़प़, ऩि, सा, रे, मप, म, रे, ऩि, सा रे, मप, नि, सां, रेंसां, नि, सांध, प, धम, प, म, रे, सारे, ऩि, सा |[20]

यशोवती सारंग - सरगम गीत (त्रिताल)

स्थायी

नि नि सां सां	ध प ध म	प - रे म	रे सा ऩि सा
रे म - रे	म प प नि	सां रें नि सां	ध प ध म
०	३	×	२

अंतरा

म - म प	प प नि नि	सां - सां सां	रें नि - सां
रें मं रें सां	रें नि सां सां	ध म प रे	म रे ऩि सा [21]
०	३	×	२

२.१.६ राग : चंद्रिका

थाट : बिलावल

वर्ज्य स्वर : आरोह में ‘ध ग’ तथा अवरोह में ‘नि ग’ स्वर

जाति : औडव-औडव

स्वर : सब शुद्ध स्वर

वादी : प

संवादी : सा

गायन समय : मध्यरात्रि

आरोह : ऩि सा रे म प नि सां

अवरोह : सां ध प, मपध, प, म-रे ऩि सा

पकड़ : म प नि सां, नि सां ध प, मपध, प, म रे, ऩि सा

विशेषता : कई गुणीजन इस राग के आरोह में धैवत तथा अवरोह में निषाद दुर्बल मानकर षाडव जाति का राग मानते हैं । नि सा रे म प नि सां से सारंग, ‘सां ध प म रे, रे म प ध प म रे’ से दुर्गा तथा ‘म रे गऩि सा’ से श्याम कल्याण तथा पनीसां, निसां, धप’ स्वरावली से पटदीप का आभास होता है | इस राग की रचनाएँ - सखी चतुर नंदलाल-झपताल में (रचयिता-ज.दे. पत्की), बदरिया सावन की-एकताल में (रचयिता-ज.दे. पत्की) है |[२२] कर्णाटक संगीत पद्धति में केवल चन्द्रिका नामक कोई राग नहीं है; परन्तु पूर्णचन्द्रिका, रविचंद्रिका, उदयरविचन्द्रिका, गौलचन्द्रिका इत्यदि नामक राग देखने को मिलते हैं |[२३] सरोद वादक उ. अली अकबरखान चन्द्रिका नामक जो राग बजाते हैं; वह इस चन्द्रिका राग से भिन्न है |

स्वर विस्तार : सा सारेससा ध़ प़, प़ ऩि सा, ऩि सा रे, सा ऩिसा ध़ प़, प़ ऩि सा, म रे, ऩि सा । ऩिसारेमप, मपधप, म ध प, मप ध प म रे, म रे, ऩि सा ।

ऩिसा मम रेस ऩिसा रेम पनि, म प नि, नि, नि सां, नि सां मं रें, मंमं रें निसां, नि सां रेंरेंसां निसां ध प, मपधध प, मप धप मरे, म रे, ऩि सा।[२४]

चंद्रिका – त्रिताल (सरगम गीत)

स्थायी

नि सां ध प	म प ध म	प - प -	मध पम रेसा ऩिसा
सा ऩि सा रे	सा ध़ म़ प़	ऩि - सा रे	सा ऩि सा सा
रे म रे म	प ध म प	नि सां रें सां	ध प म प
०	३	×	२

अंतरा

म प सां -	सां सां नि सां	रें मं रें सां	रें नि सां सां
नि सा रें सां	- ध म प	नि सां ध प	ध म प प
रे म रे म	प ध म प	नि सां रें सां	ध प म प[२५]
०	३	×	२

२.१.७ राग : जलधर केदार

थाट : बिलावल

वर्ज्य स्वर : गंधार तथा निषाद

जाति : औडव-औडव

स्वर : सब शुद्ध स्वर

वादी : म

संवादी : सा

गायन समय : रात्री का दूसरा प्रहर

आरोह : सा रे म, प, घ प सां

अवरोह : सां ध प, म मरे मरे प, म रेसा रे सा

पकड़ : सा रे सा म, म मरे मरे प, पध म

विशेषता : कुछ गुणीजन शुद्ध निषाद तथा तीव्र मध्यम का अल्प प्रयोग करके कल्याण थाट का षाडव प्रकार मानते हैं। परन्तु प्रचार में अधिकतर औडव जाति का ही जलधर केदार प्रचलित है | इस राग में केदार तथा शुद्धमल्हार का मिश्रण है। इस राग में गंधार, निषाद तथा तीव्र मध्यम वर्ज्य होने से शुद्धमल्हार तथा दुर्गा राग के अधिक निकट का राग है। प्रचार में औडव जाति का प्रकार ज्यादा प्रचलित है। राग केदार से 'सा रे सा, म प, म प ध प म, सा रे सा म' तथा शुद्धमल्हार से 'म मरे मरे प' की संगती को लेकर इस राग की रचना होती है। जलधरकेदार में केदार का अंग 'सा रे सा म, सा रे सा' अधिक है। उसी प्रकार उत्तरांग में 'धमप सां' अथवा 'पप सां' 'धध प, मम प सां' इत्यादि स्वर-समूह से भी जलधरकेदार का

अपना एक अलग अस्तित्व बनता है। बिलावल थाट युक्त दुर्गा के स्वर भी एक समान है; परन्तु चलन भेद, स्वरों का लगाव इत्यादि बातों से यह दुर्गा से भी अलग दिखाई देता है। 'मरे प' की संगती दोनों रागों में है परन्तु दुर्गा राग में जो स्वर संगती है, वह न तो मिन्ड युक्त है तथा नही उसमें मध्यम के कण का प्रयोग है। जबकि 'म रे मरे प' इस प्रकार से मल्हार वाचक स्वर-संगती जलधर में है; उसी प्रकार दुर्गा में 'रे ध़ सा' यह स्वर-संगती तथा जलधरकेदार में 'सारे साम तथा 'पम सा रे सा' इत्यादि मुख्य स्वर-समूह है। जलधर केदार में अंतरे के उठान में पंचम षड्ज की संगती भी महत्त्व पूर्ण है, जो दुर्गा राग से इस राग को अलग करती है।[२६]

यह केदार अंग का राग है; इस राग में सभी स्वर दुर्गा के होते हुए भी कुशलता से केदार सामने लाया जाता है। केदार का अंग 'सारेसा म, ध प म, सां ध प म, म रे ध़ सा म, सा म रे प, ध प म । तथा 'म रे प, म रे ध़ सा' यह दुर्गा के स्वर समूह लेकर मध्यम पर न्यास करने से दुर्गा दूर होता है।[२७]

राजा नवाब अली कृत 'मरिफुन्न गमात-प्रथम भाग' के अंतर्गत इसमें निषाद बताकर षाडव जाति का राग माना हैं | तथा वादी-संवादी 'प-रे' बताया है | इन्होंने केदार तथा जलधर केदार में भेद बताते हुए कहा है की 'केदार में रिषभ पूर्वांग में एवं निषाद, धैवत उत्तरांग में दुर्बल होते हैं | परन्तु जलधर केदार में ऐसा नहीं है; मतलब यह स्वर दुर्बल नहीं है | जिसका चलन इस प्रकार बताया है-'म-, प-, ध प म, रे सा, सा रे सा, म रे म म प,ध प म, नि ध प, म-सारे-सा। साम -रे सा, म रे प -, म प ध प म, प निध सां, नि ध प म, ध प म, रे - सा। मप सां, नि ध, नि ध प म, प सां, रें सां, मं मं रें सां, रें सां नि ध, नि ध प प, ध प म रे सा।[२८]

भातखंडे जी ने भी इससे केदार तथा मल्हार का मिश्रित रूप मानकर केदार का विस्तार करते हुए बीच-बीच में 'रे प' तथा 'म रे' की संगति का प्रयोग तथा मध्यम स्वर पर न्यास बताया है। इन्हों ने भी इस राग में गंधार तथा निषाद को वर्ज्य बताया है।

स्वर विस्तार : सारे-सा म-, म-सारे -सा, ध़ प़, सारे साम, म रे ^मरे प, म प धम, म - सारे - सा। म म (प) म--,सारे साम--, म रे रे प -, म प ध - प - म, प धम, प सां -, सांरेंसांसां ध - प -, म, सा म रे रे प, मप धध प सांरेंसांसां ध - प, धध पम पसां, पप सांसां रेंरें सांसां, सां ध प (प) म, म रे सा रे सा।[२९]

राग : जलधरकेदार – त्रिताल (मध्यलय)

स्थायी: सखी री यह सावन मनभावन। चातक मोर चकोर कोकिला,
बोलत बचन सुहावन॥

अंतरा: गरजत घन घननन-घननन कर लगे मेह बरसावन।

स्थायी

, सा रेम पध	ध म - -	मप धप म -	^{म}रे रे सा सा
, स खीऽ ऽऽ	री ऽ ऽ ऽ	यऽ हऽ सा ऽ	व न म न
३	×	२	०
रे - सा सा	सा - म म	प - प प	धसां रें सां ध
भा ऽ व न	चा ऽ त क	मो ऽ र च	कोऽ ऽ र को
३	×	२	०
प ^{ध}प म -	म - प प	ध सां ध प	मप धप मम रेसा
ऽ कि ला ऽ	बो ऽ ल त	ब च न सु	हाऽ ऽऽ वऽ नऽ
३	×	२	०

अंतरा

	म म प प	ध म प प	सां सां सां रें
	ग र ज त	घ न घ न	न न घ न
	×	२	०
ध ध म म	सां मं रें सां	ध प मप धप	म - रे सा^{३०}
न न क र	ल गे ऽ मे	ऽ ह बऽ रऽ	सा ऽ व न
३	×	२	०

राग : जलधरकेदार – त्रिताल (मध्यलय)

स्थायी: धन घड़ी धन रात री माई। आज सुहाग की रात री माई॥
अंतरा: मोहहमद शाह बना ब्याहन आया। और रंगीला जग साथ री माई॥

स्थायी

, प़ सा रे	सा - (ध)प प	म - - रे	म सा रे सा
, ध न घ	ड़ी ऽ ध न	रा ऽ ऽ त	री मा ऽ ई
०	३	×	२

, म म म	प - पम धप	म - - रे	म - सारे सा
, आ ज सु	हा ऽ गाऽ कीऽ	रा ऽ ऽ त	री ऽ माऽ ई
०	३	×	२

अंतरा

प - सां सां	सां - रें सां	सां - ध प	मम रे म म
मो ऽ हम द	शा ऽ ब ना	ब्या ऽ ह न	आऽ ऽ ऽ या
०	३	×	२
प प सां सां	रें सां ध प	म - - रे	म सा रे सा[31]
औ ऽ र रं	गी ला ज ग	सा ऽ ऽ थ	री मा ऽ ई
०	३	×	२

राग : जलधरकेदार – लक्षणगीत - झपताल

स्थायी : आरोही-अवरोही वरजत गुणी ग-नि को। गावत जलधर राग के रुप को॥

अंतरा : मध्यम करत वादी-संवादी षड्ज धरत। आनंद न समात मनरंग रंग को।

स्थायी

ध -	मप - धप	म म	मरे - सा
आ ऽ	रो ऽ ही	अ व	रो ऽ ही
×	२	०	३
सा सा	म म प	प प	धप म -
व र	ज त गु	णी ग	नि को ऽ
×	२	०	३
म -	प - प	प प	ध म म
गा ऽ	व ऽ त	ज ल	ध ऽ र
×	२	०	३
प -	रें सां ध	धप -	धप म -
रा ऽ	ग के ऽ	रु ऽ	प को ऽ
×	२	०	३

अंतरा

प -	सां सां सां	सां सां	सां - सां
म ऽ	ध्य म क	र त	वा ऽ दी
×	२	०	३
सां^सांध	सां - सां	सांरें सां-	ध म म
सं ऽ	वा ऽ दी	षऽ ड्ज	ध र त
×	२	०	३
म -	प - प	प प	ध म म
आ ऽ	नं ऽ द	न स	मा ऽ त
×	२	०	३
प प	रें - सां	^सांध -	प ^धप म ३२
म न	रं ऽ ग	रं ऽ	ग को ऽ
×	२	०	३

संग्रहकार स्व.पं. वझे बुवा

२.२ कल्याण थाट के औडव-औडव जाति के राग |

२.२.१ राग : श्रीकल्याण

थाट : कल्याण

वर्ज्य स्वर : गंधार तथा निषाद

जाति : औडव-औडव

स्वर : मध्यम तीव्र बाकी सब शुद्ध

वादी : प

संवादी : सा

गायन समय : रात्रि का प्रथम प्रहर

आरोह : सा रे मं प, धप, सां

अवरोह : सां ध प, मंप रे- सा

पकड़ : सा ध़ सा, रे मं प, रे - सा

विशेषता : यह एक अप्रचलित कल्याण थाट निर्मित प्रकार है। इस राग में अवरोहात्मक 'परे' की संगती ली जाती है। इस राग में अंतरे का उठान कल्याण अंग के रागों के भाँती 'पध पप सां' अथवा 'पधमंप सां' इस ढंग से किया जाता है। इस राग का 'श्री' राग से कोई सम्बन्ध नहीं है। हाँ एक स्व. पं. कुमार गान्धर्व जी की संकल्पना है जिसे राग 'श्रीकल्याण' नाम दिया गया है। जिसमें श्री राग तथा कल्याण राग का मिश्रण है; जो इस राग से भिन्न है |[३३] कर्णाटक पद्धति से उद्भवित राग सरस्वती में निषाद स्वर वर्ज्य करने से इस राग के स्वर सामने आते हैं | सां रें ध सां, ध सां रें इत्यादि स्वरों में दुर्गा राग का भास् होता है |[३४] इस राग के जैसाही

एक ‘श्यामली’ नाम का राग है; जिसका वर्णन आचार्य एस. एन. रातंजनकर जी ने ‘अभिनव गीत मंजरी’ तृतीय भाग के अंतर्गत किया है |

स्वर विस्तार: सा ध़ ध़ सा, सा ध़ , मं ध़ सा। सा ध़ प़ -, प़ध़मं़प़ सा, सारे - सा। सा-सरेसासा ध़, ध़सारे, ध़रे सासा ध़-, रे सा ध़ प़, रे ध़ सा रे - सा। सा रे मं, मंमंरेसा रे मं, रेसा ध़प़, ध़सारेमं, प़प़ध़ध़सासा रेमं-, रेमं, रेमं मंप रे- सा। सारेमंमंरेसा सरेमंप, रेमं, रेमंप, रेमं मंप, मंप मंप मंरे - सा। सारेमंमंरेसा सरेमंपध, रेमंपध, ध़सा रेमंपध, धमंप, रेमंप, प धमंप, रेमंप मंरे -, परे- सा। सारेमंपधप सां, पधपप सां, पध सांरें सां, रें मं पं रें - सां, रें सां ध मं प रे, रे मं प रे - रे सा।[३५]

राग : श्रीकल्याण - त्रिताल (मध्यलय)

स्थायी : ओंकार की माया मधुर, चरण रज करूँ नित सुमिरन मन में
स्वर शक्ति का एक ही आधार।

अंतरा : सुरत की सुरत में मन हो सुरत,प्रणव-नव-रंग रहो अजर अमर।।

स्थायी

			मंध
			ओंऽ
मंप - रे सा	रे - सा -	रे - मं -	प प प ध
ऽऽ ऽ का र	की ऽ ऽ ऽ	मा ऽ या ऽ	म धु र च
३	×	२	०
प ध मं प	ध सां ध प	मं मं प प	रे रे सा -
र ण र ज	क रूँ नि त	सु मि र न	म न में ऽ
३	×	२	०
सा रे मं मं	प - प प	सां ध धसां रेंसां	धसां ध पध मंध
स्व र श क्ति	का ऽ ए ऽ	क ही आऽ ऽऽ	धाऽ ऽ रऽ ओंऽ
३	×	२	०

अंतरा

प प ध प	सां सां सां सां	सां ध धसां रें	सां ध प रें
सु र त की	सु र त में	म न होऽ ऽ	सु र त प्र
३	×	२	०
सां सां ध ध	प - प प	प मं पध मंप	रे रे सा मंध
ण व न व	रं ऽ ग र	हो अ जऽ रऽ	अ म र ओंऽ ३६
३	×	२	०

२.२.२ राग : वैजयंती

थाट : कल्याण

वर्ज्य स्वर : गांधार तथा धैवत

जाति : औडव-औडव

स्वर : मध्यम स्वर तीव्र तथा बाकी के स्वर शुद्ध

वादी : प

संवादी : रे

गायन समय : सायंकाल

आरोह : ऩि सा रे मं प नि सां

अवरोह : सां नि प मं रे ऩि सा

पकड़ : रे मं प नि- मं प, रे मं प मं रे, मं रे ऩि - सा

विशेषता : कल्याण वाचक 'प रे' की संगती इस राग में भी ली जाती है । शास्त्रोक्त रीति से गंधार, धैवत स्वर संपूर्ण वर्ज्य है | कुछ गुणीजन धैवत का प्रयोग मिंड-स्वरुप से करते हैं एवं अवरोह में कण स्वरूप करते है | निषाद पर न्यास मधुर लगता है |[३७] मधुसूदन पटवर्धन जी ने इस राग का गायन समय रात्री का दुसरा प्रहर बताया है; तथा वादी-संवादी 'रे प' माने हैं |[३८] बी.सुब्बा राव कृत 'राग निधि-भाग ४, में भी वादी स्वर रिषभ और संवादी स्वर पंचम माना है । कुछ गुणीजन इसे रात्रि के दुसरे प्रहर में भी गाते हैं । इस राग के समान आरोह-अवरोह वाला 'सालंग' नामक राग है जो काफी थाट से उत्पन्न माना गया है । जिसके अंतर्गत तीव्र मध्यम के स्थान पर शुद्ध मध्यम का प्रयोग होता है । वैसे सालंग में

सारे स्वर शुद्ध होने से इसे बिलावल थाट का माना जा सकता है परन्तु राग सालंग यह सारंग का प्रकार होने से इसे काफी थाट के अंतर्गत माना गया है। वैसे वैजयंती राग के समीप के रागों में शुद्धसारंग और श्याम कल्याण भी है। शुद्धसारंग में दोनों मध्यम का प्रयोग होता है तथा अवरोह में धैवत का प्रयोग होता है। उसी प्रकार श्याम कल्याण में गंधार और धैवत आरोह में वर्ज्य है तथा अवरोह संपूर्ण है।[३९]

स्वर विस्तार: रेरेसा ऩिसा ऩि --, प़ ऩि –सा, ऩि सा रे ऩि -, प़ ऩि सरे सारे सासा ऩि -, प़ ऩि रे ऩि -, प़ ऩि - ऩि ऩि सा।

ऩि सा रेमं प-, रेमंपरेमं प, ऩिसा रेमं रेसा ऩिसा रे मं प, रे मं प नि मं प, रेमं पमं रे, मं रे ऩि-- सा।

ऩिसा रेमं रेसा ऩिसा रेमं पनि--, रेमं पनि, पनि सां रें सांरें सांसां नि-, प सां नि-, नि मं प, रेमंप सां नि--,पनीसां रें मं रें सां नि, नि--मंप, रेमं पनि पनि- - मं प, रे मं प मं रे, मं रे ऩि - सा।[४०]

राग वैजयंती - त्रिताल (मध्यलय)

स्थायी : सुन-सुन बतियाँ मोरी पिया की रतियाँ, उचट जिया मोरा अति

दुःख पावे |

अंतरा : मेरे अखियन के भूखन घुमड़, कहे देंगे तुम बिन सगरी रतियाँ |

स्थायी

ऩि सा
सु न

रे म॑ प सां	नि - म॑ प	सां नि म॑ प	रे रे ऩि सा
सु न ब ति	याँ ऽ मो री	पि या की र	ति याँ उ च
३	×	२	०
रे म॑ प -	नि नि सां रें	सां नि म॑ प	[म॑]रे रे ऩि सा
ट जी या ऽ	मो रा अ ति	दुः ख पा ऽ	वे ऽ सु न

अंतरा

प[म॑] प
मे रे

प प नि नि	सां - - सां	सां सां - सां	रें - सां -
अ खि य न	के ऽ ऽ भू	ख न ऽ घु	म॑ ऽ ड़ ऽ
३	×	२	०
रें म॑ सां रें	नि सां नि प	म॑ प म॑ रे	सा रे ऩि सा
क हे दें गे	तु म॑ बि न	स ग री र	ति याँ सु न [४१]
३	×	२	०

२.२.३ राग : मालारानी

थाट : कल्याण

वर्ज्य स्वर : आरोह में गंधार तथा धैवत एवं अवरोह में निषाद तथा मध्यम

जाति : औडव- औडव

स्वर : मध्यम स्वर तीव्र बाकी सब शुद्ध

वादी : प

संवादी : रे

गायन समय : रात्रि का प्रथम प्रहार

आरोह : सा, रे, मं प, नि सां

अवरोह : सां ध, प, ग रे, सा

पकड़ : ऩि सा, रे मं प, ध मं प, ग, रे, सा रे, ऩि, सा, ध़ प़,सा

विशेषता : कल्याण थाट का यह आधुनीक स्वरुप है। इस राग में दो रागों का मिश्रण दिखाई देता है । श्यामकल्याण ‘सा, रेमंप, रेमंपध मंप, रेमंपनीसां, धपमंप’ इन स्वरावली में छाया रूप दिखाई देता है | तथा अवरोह में कल्याण । कल्याण थाट के दो मध्यम लगने वाले रागों के अनुसार इस में भी अंतरे का उठान ‘पपसां’ ‘पधपपसां’ इस प्रकार होता है । इस राग में ‘सांरेंध’ तथा ‘पधग’ यह दो संगती बीच-बीच में ली जाती है। इस राग में निषाद पर न्यास किया जाता है।[४२] कई गुणीजनों का मानना है की इसमें बहुत कुछ कामोद का आभास होता है। परन्तु कामोद का मुख्य अंग जैसे की ‘रेप’ तथा ‘गमप गमरेसा’ इस राग में है ही नहीं। अवरोह में इस राग

में ‘प ग रे सा’ यह स्वर समूह आते ही श्यामकल्याण की छाया दूर हो जाति है | [४३]

स्वर विस्तार: सा सारेसासा ऩि, रेऩि, ऩि सा, ध़ प़, प़ ऩि-सा। ऩि सा, ऩि सारेमं, रेमं, रेमंप ग रे, ऩिसा। गगरेसा ऩिसारेमंप-, मंप, मंपधप, धमंप, ग, रे, मंपधग, रे, मंपग- रे सा। गगरेसा ऩिसारेमंपनि, ऩि नि, रेमंपनि, मंपनि, रेमंपनि, सां। पनिसां ध,प, रेमंपनि सांरेंनिसां, ध, प, धमंप, ग, रे, सा। पप सां, पपसांसां रेंसां, ऩिसारेमंपनिसां, निसांगरें गं रें नि सां, रें सां ध प, रेमंप सां ध प, रेमंपनिसांरें, सांरेंध, पधग, रे, नि, सा। रेमंपनि सांसांनिसां धपमंप गरे सा-, रेमंपनिसां निसांरेंध-प-, पधमंप गरे सा।[४४]

राग : मालारानी - त्रिताल (मध्यलय)

स्थायी : पैंया परुँ तोरे कन्हैयाँ, छाड़ दे मोहें ढ़ीठ ये डगरीया।
अंतरा : तुमतो दाता सकल जगत को, पार करो मोहे तुम्हरी नगरीयाँ।

स्थायी

															ग
															पैं
ग	रे	-	सा	ऩि	-	सा	-	रे	मं	प	ध	प	मं	प	मं
ऽ	या	ऽ	प	रूँ	ऽ	ऽ	ऽ	तो	ऽ	रे	क	न्है	ऽ	याँ	छा
३				×				२				०			
प	सां	ध	प	मं	ध	मं	प	रे	मं	पध	मंप	ग	रे	सा	ग
ऽ	ऽ	ऽ	ड	दे	ऽ	मो	हे	ढ़ी	ठ	येऽ	डऽ	ग	री	या	पैं
३				×				२				०			

अंतरा

प	प	सां	सां	सां	-	सां	-	नि	सां	रें	सां	नि	सां	ध	प
तु	म	तो	ऽ	दा	ऽ	ता	ऽ	स	क	ल	ज	ग	त	को	ऽ
३				×				२				०			
मं	पं	गं	रें	सां	सां	ध	प	रेमं	पध	मंप	धप	ग	रे	सा	ग
पा	ऽ	र	क	रो	ऽ	मो	हे	तुऽ	म्हऽ	रीऽ	नऽ	ग	री	याँ	पैं
३				×				२				०			

२.२.४ राग : सांझ

थाट : कल्याण

वर्ज्य स्वर : ऋषभ तथा पंचम स्वर वर्ज्य

जाति : औडव-औडव

स्वर : मध्यम तीव्र बाकी सब शुद्ध

वादी : ग

संवादी : नि

गायन समय : संध्याकाल

आरोह : सा ग, मं ध, नि, सां

अवरोह : सां नि, ध मं ग, मं ग सा

पकड़ : मं ग सा, ऩि- ध़ ऩि, म़ं ध़ सा

विशेषता : यह एक अप्रचलित मधुर राग है । यह राग सायंगेय होने के कारण इसे सांझ का हिंडोल भी कहते हैं । हिंडोल राग में निषाद को प्राबल्य देने से यह राग सामने आता है । हिंडोल में धैवत का प्रमाण बढ़ाकर निषाद का प्रमाण कम कर दिया जाता है । ऐसा भी कह सकते हैं की हिंडोल में निषाद दुर्बल तथा सांझ में धैवत का प्राबल्य कम है । अवरोह में 'मं ग सा, ऩि- ध़ ऩि-, म़ं ध़ सा' इस प्रकार निषाद को दीर्घ रखते हैं । अंतरे पर 'मं ध सां' करके जाते हैं । हिंडोल आरोही तथा सांझ अवरोही वर्ण का राग है । हिंडोल में जिस तरह तार षड्ज पर न्यास करते हैं; वह इस राग में कदापि नहीं किया जाता । हिंडोल में निषाद अल्प तथा आरोह में वक्र है । जब की सांझ में निषाद को संवादी बनाकर सरल प्रयोग किया

गया है ।[४६] दक्षिण हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति के मेल करता-६५ मेचकल्याणी से उत्पन्न ; सुनादविनोदिनी' का आरोह-अवरोह इस राग से मिलता-जुलता है। 'सा, ऩि- ध़ ऩि' स्वरों से पुरिया राग का आभास होता है | इसमें कोमल ऋषभ न होने से 'राग पुर्या' से अपने आप अलग होता रहता है । 'म ग, सा' स्वरों से हिंडोल राग की छाया दिखाई देती है | परन्तु सरल निषाद का न्यास युक्त प्रयोग हिंडोल की छाया को दूर करता है | इस राग का चलन मन्द्र-मध्य में अधिक है। कुछ विद्वान इसे मारवा ठाठ का राग मानते हैं |[४७] कुछ गुणीजनों के कथनानुसार सोहनी के स्वरों में रिषभ वर्ज्य करके स्वरों में पुरिया का लगाव रखा जाय |[४८]

स्वर विस्तार: ग सा, ऩि ध़ ऩि-, म़ ध़ सा, ग सा, ऩि स ग सा। गगसा ऩिध़ऩि-, ऩि म़ ध़ ऩि, ग़ म़ ध़ ऩि, म़ ध़ म़ सा ऩि, ऩि ध़ ऩि-, ऩि ग - सा, म ग सा। ध़ऩिसाग, गऩि, ऩिसा, मग, म़ध़ऩिसाग, सा म ग, सा ग म ग, म ग- सा, ऩि ध़ ऩि, म़ ध़ सा। ऩिसगगसाऩिध़ऩिसागम ध नि, ग म ध नि, म ध नि, म नि, म नि ध सां नि, ग, म ध, सां, निध सां, निनिध, म ग सा। गमधनि सां -,म ध सां, नि सां गं सां मं गं सां। नि सां मं गं, मं गं सां, सांसां निधनि-, ध-मग, मनि - ध म ग, गम धग मग, म ग- सा।[४९]

राग : सांझ - त्रिताल (मध्यलय)

स्थायी : साँझ भई सब मंगल गावो, हरि दरसन को ध्यान लगावो।
अंतरा : गावो-बजावो रिझावो सब मिल, हरि नाम जप धूम मचावो।

स्थायी

			म॑
			साँ
ग सा नि़ ध़	नि़ - ध़ नि़	म़॑ ध़ नि़ सा	ग - सा नि़
ऽ झ भ ऽ	ई ऽ स ब	मं ऽ ग ल	गा ऽ वो ह
३	×	२	०
नि़ सा ग ग	म॑ ध म॑ ग	म॑ नि ध म॑ग	म॑ ग सा म॑
री ऽ द र	स न को ऽ	ध्या ऽ न लऽ	गा ऽ वो सां
३	×	२	०

अंतरा

म॑ ग म॑ ध	सां - सां सां	सां गं सां -	नि ध नि नि
गा ऽ वो ब	जा ऽ वो रि	झा ऽ वो ऽ	स ब मि ल
३	×	२	०
नि नि - ध	- म॑ म॑ ग	म॑ ध ग म॑	ग - सा म॑ ५०
ह री ऽ ना	ऽ म ज प	धू ऽ म म	चा ऽ वो सां
३	×	२	०

२.२.५ राग : मल्हारी केदार

थाट : कल्याण

वर्ज्य स्वर : रिषभ तथा गंधार

जाति : औड़व

स्वर : दोनों माध्यम का प्रयोग

वादी : मध्यम

संवादी : षड़ज

गायन समय : रात्री का प्रथम प्रहर

आरोह : सा म ,म प, मंपधनिसां

अवरोह : सांनि ध प, मंपधप मसा

पकड़ : सा म, धपम, प मंप धप म, सा

विशेषता : इस राग में मध्यम से षड़ज पर मींड़ ली जाती है । इस राग में तीव्र मध्यम सिर्फ आरोह में ही लगता है । इस राग के उलट पुलट नाम वाला मतलब की 'केदारमल्हार' नामक षाडव जाति का और एक राग है; जिसके अंतर्गत दो मध्यम तथा दो निषाद लगते है, तथा गंधार वर्ज्य है | जिसका वर्णन षाडव जाति के रागों में किया है |

स्वर विस्तार : सा म, म प, मं प ध प म, म म प, मंप धप म, पध मंप धप म, म प, म सा, सा म, सा प, मं प मं ध प, म सा । सासा ऩिसा ऩि ध़ प़, ऩि ध़ सा, साम, पध मंप म, ऩि ध - प, ध प म, सां नि ध प, मं प म, ध प म, सा।ऩिसा मम सा म प ध, मं प ध प, नि ध सां, सां सांनिसां ध प, ध प म, सा ।

पध पप सां, पप सांसां मं सां, मंमं सां नि ध प म, सा, सा म, मप पध
म॑प धप म, सा ।[५१]

राग मल्हारी केदार - सरगम गीत (त्रिताल)

स्थायी

म॑ प ध प	म म सा सा	म म म -	प - म॑प धप
म॑ प ध प	सां नि ध प	म॑ प म॑प धप	म - - म
ध प सां नि	ध धप प	म॑ प ध प	म - - सा
०	३	×	२

अंतरा

प प नि ध	सां सां सां सां	मं - सां सां	धप म॑प धनि सां
सां सां मं मं	सां नि ध प	म॑प धनी सांनि धप	म - सा -[५२]
०	३	×	२

२.३ खमाज थाट के औडव-औडव जाति के राग |

२.३.१ राग : हंसश्री

थाट : खमाज

वर्ज्य स्वर : धैवत तथा ऋषभ

जाति : औडव-औडव

स्वर : आरोह में शुद्ध निषाद तथा अवरोह में कोमल निषाद

वादी : प

संवादी : सा

गायन समय : रात्रि का दूसरा प्रहर

आरोह : ऩि सा, गम पनि, सां

अवरोह : सां नि॒ प, नि॒-म प, गमग, प गमग—सा

पकड़ : ऩि॒ प़, म़प़ऩि सा, ऩिसा ऩि॒ प़, ग़म़प़ऩि, म़प़ऩि सा

विशेषता : इस राग के तथा तिलंग राग के स्वर एक ही हैं । परन्तु चलन भेद, न्यास भेद तथा वादी संवादी भेद के कारण यह दोनों एक समान स्वर वाले होने पर भी एक दुसरे से भिन्न दिखाई देते हैं । उसी प्रकार तिलंग साधारणतः चंचल प्रकृति का राग है । जब की यह गंभीर प्रकृतिका राग है । इस कारण इस राग का विस्तार ज्यादातर मन्द्र-मध्य सप्तक में ही अधिक है । इस राग में 'ऩि॒ प़, म़प़ऩि सा' यह संगती बार-बार आती रहती है । इस राग में पुर्वागं में बिहाग तथा उत्तरांग में सारंग का आभास होता है । 'नि॒ म प' की स्वर संगती द्वारा इस राग में अवारोहात्मक मध्यम पर का न्यास बिल्कुल टालते हैं । इन सब बातों के कारण यह दोनों एक-दुसरे से भिन्न दिखते हैं ।

स्वर विस्तार: सा, नि॒ प़, प़ नि़ सा, प़नि़ सा, नि॒प़, म़प़नि़, सा। सासा नि़सा नि॒ प़, ग़म़प़नि़, म़प़नि़, प़नि़ सा। सा, नि॒ प़, म़प़, म़प़नि़ सा, ग़म़प़नि़, प़ नि़ सा। गगसानि॒प़नि़साग, नि़साग, प़नि़साग, मग, नि॒प़म़प़नि़, सा। सगमप गमग, गमप गमग, प गमग, नि॒-प़, म़प़,नि़-सा। गगसानि॒प़,म़प़नि़सा । नि़सागमप, पगमग, सागमप गमग, सागमप नि॒ प, मपनि॒नि॒प, नि॒मप, गमग-सा। नि॒प़, म़प़,नि़-सा, गमपनिसां, नि॒-मप, निसां, निसां गंसां, नि॒प, नि॒प, नि॒नि॒प, मपनि॒प, मनि॒प, नि॒मप, गमग, पमग- सा, नि॒प़, म़प़नि़ सा।[५३]

राग : हंसश्री - त्रिताल (मध्यलय)

स्थायी : राजन के राजा महाराजा, गरीब नवाज़ा देत दान मोहे, निकट रखियो तुम अपने प्राण जप।
अंतरा : सकल जगत को तुम रखवाले, रखियो करम लेहो खबरिया।।

स्थायी

प प ग म	ग - सा नि̱	नि̱ प़ म़ प़	नि़ नि़ सा -
रा ऽ ज न	के ऽ रा ऽ	ऽ जा म हा	रा ऽ जा ऽ
३	×	२	०
सा सा म ग	प - प -	प - ग म	ग ग सा सा
ग री ब न	वा ऽ ज़ा ऽ	दे ऽ त दा	ऽ न मो हे
३	×	२	०
ग म प नि	सां सां नि̱ प	नि̱नि̱ म प ग	म ग सा सा
नि क ट र	खि यो तु म	अऽ प ने प्रा	ऽ ण ज प
३	×	२	०

अंतरा

ग म प नि	सां सां सां -	नि̱ प म प	नि - सां -
स क ल ज	ग त को ऽ	तु म र ख	वा ऽ ले ऽ
३	×	२	०
गं मं पं गं	मं गं - सां	नि̱ नि̱ म प	ग म ग सा[५४]
र खि यो ऽ	क र ऽ म	ले ऽ हो ख	ब रि या ऽ
३	×	२	०

२.३.२ राग : खमाजी दुर्गा

थाट : खमाज

वर्ज्य स्वर : रिषभ और पंचम

जाति : औडव-औडव

स्वर : आरोह में शुद्ध निषाद तथा अवरोह में कोमल निषाद
बाकी सब शुद्ध स्वर

वादी : गंधार

संवादी : धैवत

गायन समय : रात्री का दूसरा प्रहर

आरोह : सा ग म ध नि सां

अवरोह : सां नि॒ ध म ग सा

पकड़ : सा नि़॒ ध़ नि़ सा , म ग, म ध नि॒ ध, म ग, सा

विशेषता : राग भिन्न षड़ज के अवरोह में शुद्ध निषाद के स्थान पर कोमल निषाद को रखा है ।[५५] एक और दुर्गा नाम का राग है, जो बिलावल ठाठ जन्य माना गया है, जिस राग के स्वर और स्वरुप इस खमाज ठाठ के दुर्गा से भिन्न है; तथा उसमें गंधार तथा निषाद स्वर वर्ज्य है | जब की इस खमाज ठाठ के दुर्गा में यह दोनों महत्त्वपूर्ण स्वर है | इस राग में 'ध म' की संगती शोभायमान प्रतीत होती है | 'ध म' स्वर संगती के कारण इस राग में बागेश्री का आभास होता है | पूर्वांग में शुद्ध 'ग नि' होने के कारण यह राग बागेश्री से भिन्न हो जाता है | भातखंडे जी ने संवादी 'निषाद' स्वर माना है |[५६] यह एक अल्प प्रचलित राग है | इस राग में

आरोह में बहुधा शुद्ध निषाद तथा अवरोह में कोमल निषाद लिया जाता है, परन्तु कभी-कभी आरोह में भी कोमल निषाद का प्रयोग होता है |[५७]

स्वर विस्तार : सा ऩि धृ,धृ ऩि सा, सा ऩि धृ, सा, म ग, म ध नि ध, म ग, धमग, म ग सा | सा ग म ध, म ध म ग, म ध नि ध, म ध म ग,सा ग म ग, ध म ग,म ध म ग, म ग, सा ग सा, सा ऩि धृ, धृ ऩि सा, ऩि सा

ग म ध नि सां, ध नि सां -, सां गं मं गं सां, सां सां नि सां नि ध, म ग, म ध नि सां नि ध, नि ध म, ध म ग, म ध नि ध म ग, ध म ग, म ग सा, ऩि धृ सा |[५८]

राग : खमाजी दुर्गा - त्रिताल (मध्यलय)

स्थायी : काहे को प्रीत लगाई तुम, जान गई मैं तोरी चतुराई |

अंतरा : तिरछी नज़रिया लागे प्यारी, दौर के आओ तुम गिरधारी ||

स्थायी

ग म ग सा	ऩि सा ध़ ऩि	सा - ग -	म - म म
का ऽ हे को	प्री ऽ त ल	गा ऽ ऽ ऽ	ई ऽ तु म
०	३	×	२
ग म ध नि	सां नि॒ ध म	म म ग म	ग - सा -
जा ऽ न ग	ई ऽ मैं ऽ	तो री च तु	रा ऽ ई ऽ
०	३	×	२

अंतरा

ग म ध नि	सां नि सां -	सां गं मंगं सां	नि सां नि॒ ध
ति र छी न	ज़ रि या ऽ	ला ऽ गेऽ -	प्या ऽ री ऽ
०	३	×	२
ध नि सां गं	सां नि॒ ध म	ग ग ग म	धनि॒ धम गम गसा“९
दौ ऽ र के	आ ऽ वो ऽ	तु म गि र	धाऽ ऽऽ रीऽ ऽऽ
०	३	×	२

२.३.३ राग : नागस्वरावली

थाट : खमाज

वर्ज्य स्वर : ऋषभ तथा निषाद

जाति : औडव-औडव

स्वर : सब शुद्ध स्वर

वादी : म

संवादी : सा

गायन समय : मध्यरात्रि

आरोह : सा ग, म प, ध सां

अवरोह : सां -धपम, प ग, मग सा, धसा, गसा मग पम

पकड़ : म ध सां -, धपम- पग-, मग-सा

विशेषता : यह एक कर्नाटक पद्धति का राग है । यह राग 'नागस्वरी, नागेस्वरी' इत्यादि नामों से भी जाना जाता है | राग के आरोह में पंचम दुर्बल रखा जाता है । मांड राग से कुछ मिलता-जुलता राग है । परन्तु मांड से इसकी प्रकृति गंभीर है | इस राग में जो 'प ग' की मींड ली जाती है, वह भटियार का भास कराती है।[६०] नारायणी, प्रतापवरली की तरह इस राग का भी मद्रास इत्यादि प्रान्तों में अधिक प्रचार में है | कुछ गुणीजन वादी स्वर षड्ज को मानते हैं |[६१] दक्षिण में यह २८ वें मेलकर्ता हरिकंभोजी में स्थित है; जो उत्तरहिन्दुस्तानी खमाज ठाठ के समान है |[६२] इस कर्नाटक पद्धति के राग को उ. अमान अली खाँ साहब ने उत्तर हिन्दुस्तानी पद्धति में

परिचित किया | इस राग में गंधार तथा षड्ज के बीच की दीर्घ मिन्ड राग की खूबसूरती बढ़ाती है |

स्वर विस्तार: सा ध़ सा-, सा ग–सा मग–सा । ध़सा गग सा ध़सा ग म-, ध़सा म, प ग, मग प ग, म ग- सा । गगसा ध़सा गम, मप धप म, धपम, प -ग-मग-सा । सगम पपमग सा ग म ध, ग म ध, मप धसां, मम धसां गं सां, धसां गंगं मं गं सां, ध सां ध प म, म ध सां ध प म, धध पम, पग–मग–सा ।[६३]

सरगम गीत : नागस्वरावली (त्रिताल)

स्थायी

प़ ध़ सा -	ग म ग सा	ग म प ग	म ग सा -
ग म प ध	सां प ध म	ग सां ध प	म ग सा -
×	२	०	३

अंतरा

ग म प ध	सां - गं सां	गं मं पं गं	मं गं सां -
सां सां ध प	ध म प ग	म सां ध प	म ग सा - [६४]
×	२	०	3

२.४ भैरव थाट के औडव-औडव जाति के राग |

२.४.१ राग : बैरागी भैरव

थाट : भैरव

वर्ज्य स्वर : गंधार तथा धैवत

जाति : औडव-औडव

स्वर : ऋषभ तथा निषाद कोमल बाकी सब शुद्ध

वादी : म

संवादी : सा

गायन समय : प्रात:काल

आरोह : सा रे म प नि सां

अवरोह : सां नि प म रे सा

पकड़ : रे म प नि प म रे - नि़ रे सा

विशेषता : इस राग को बैरागी भी कहते हैं | भैरव का यह नवीनतम मधुर प्रकार है | इस राग में रिषभ, पंचम तथा मध्यम पर न्यास किया जाता है | पूर्वांग में भैरव थाट जन्य गुनकली के स्वर 'सा रे म रे सा' तथा उत्तरांग में मधमाद सारंग के स्वर 'प नि सां नि प' इत्यादि के मिश्रण से इस राग का निर्माण हुआ है |[६५] इस राग में रिषभ आन्दोलित है; जो भैरव अंग प्रदर्शित करता है, तथा इस स्वर पर बार-बार न्यास भी किया जाता है|[६६] पं. विनायकराव पटवर्धन जी ने 'राग विज्ञान' सप्तम भाग के अन्तर्गत इसमें पूर्वांग में 'भैरव' तथा उत्तरांग में 'सारंग' के स्वरों का मेल बताया है|[६७]

स्वर विस्तार : सा - सारे॒सासा नि़॒ प़, प़ नि़॒ सा, प़ नि़॒ सा रे॒ सा, सा रे॒ म रे॒ सा, सा रे॒ म, म प, म प म रे॒, रे॒ म प म रे॒, म रे॒, नि़॒ रे॒ सा सारे॒ममरे॒सासारे॒मप, मप नि॒ प म, म प म रे॒, नि़॒ रे॒ सा। सारे॒ममरे॒सानि़॒ सारे॒मप नि॒, प नि॒ सां सां - सांरें॒सांसां नि॒ प, म प नि॒ प म रे॒, म रे॒, नि़॒ रे॒ सा |[६८]

राग : बैरागी भैरव - त्रिताल (मध्यलय)

स्थायी: सुरस साधले रसिक नाद सुर। शब्द सलोने लय ताल परन सों|
अंतरा: अमर बिनत है गुनियन सों नित| साधत विद्या दानी जतन सों|

स्थायी

म प म रे॒सा	सा रे॒ सानि॒ प़	नि़॒ सा नि़॒ सा	- रे॒ सा सा
सु र स साऽ	ऽ ध लेऽ ऽ	र सि क ना	ऽ द सु र
०	३	×	२
सा रे॒ म म	प प नि॒ नि॒	पनि॒ सांरें॒ सां नि॒	प म रे॒ सा
श ब द स	लो ने ल य	ताऽ ऽऽ ल प	र न सों ऽ
०	३	×	२

अंतरा

म म म म	प प नि॒ -	सां सां सां सां	रें॒ - सां सां
अ म र बि	न त है ऽ	गु नि य न	सों ऽ नि त
०	३	×	२
सां रें॒ सां नि॒	प नि॒ प म	पनि॒ सांरें॒ सां नि॒	प म रे॒ सा
सा ऽ ध त	वि ऽ द्या ऽ	दाऽ ऽऽ नी ज	त न सों ऽ ६९
०	३	×	२

राग : बैरागी भैरव - एकताल (विलंबित)

स्थायी : भज मन तूँ राम नाम, तुम्हरे मन अन्धकार दूर करे तेरो नाम|
अंतरा : सकल जगत नमन करत, विद्या बुद्धि मुक्ति देवे, ‘अमर’ करे तेरो नाम|

स्थायी

सा रे	म प	नि सां	नि प	म [म]रे	रे सा
भ ज	म न	तूँ ऽ	रा ऽ	म ना	ऽ म
×	०	२	०	३	४
सा रे	म म	प प	[सां]नि सां	सां निप	नि नि
तु म्ह	रे ऽ	म न	अ ऽ	न्ध काऽ	ऽ र
×	०	२	०	३	४
सांनि रें	सां निप-नि	पम– मपनिसां	रेंरेंसांनिसां निपम-	निप– [म]रे	रे सा
दूऽ ऽ	र कऽऽऽ	रेऽऽ तेऽऽऽ	ऽऽऽऽऽ रोऽऽऽ	ऽऽऽऽ ना	ऽ म
×	०	२	०	३	४

अंतरा

म म	म म	प नि	सां सां	रेंसांनि- रेंसांनिसांनिसांरें	सां सां
स क	ल ज	ग त	न म	नऽऽऽ कऽऽऽऽऽऽऽ	र त
×	०	२	०	३	४
रें मं	रें रें	सां रेंसांसांनि	निसांरेंरेंसां निसांरेंसां	सां निप	नि नि
वि ऽ	द्या ऽ	बु द्धीऽऽऽ	मुऽऽऽऽ ऽऽऽऽ	क्ति देऽ	ऽ वे
×	०	२	०	३	४
नि रें	सां निप-नि	पम– मपनिसां	रेंरेंसांनिसां निपम-	निप– [म]रे	रे सा
अ म	र कऽऽऽ	रेऽऽऽ तेऽऽऽ	ऽऽऽऽऽ रोऽऽऽ	ऽऽऽऽ ना	ऽ म[७०]
×	०	२	०	३	४

२.४.२ राग : गौळ

थाट : भैरव, मेल १५ माया मालवगौड़

वर्ज्य स्वर : गंधार तथा धैवत

जाति : औडव-औडव

स्वर : ऋषभ कोमल

वादी : म

संवादी : सा

गायन समय : प्रात:काल

आरोह : सा, रे म प नि सां

अवरोह : सां नि प म रे सा

पकड़ : स म, म प म, प नि, प म, प म, रे सा

विशेषता : यह एक दक्षिणात्य अल्प प्रचलित भैरव का प्रकार है । राग भैरव में गंधार तथा धैवत वर्ज्य करने से इस राग का स्वरुप सामने आता है | इस राग की रचना में -लक्षणगीत 'मेल भैरव तामें ध ग बरज किन्हें' झपताल में है |[७१]

२.४.३ राग : देशगौड़

थाट : भैरव

वर्ज्य स्वर : गंधार तथा मध्यम

जाति : औडव-औडव

स्वर : ऋषभ तथा धैवत कोमल बाकी सब शुद्ध

वादी : प

संवादी : सा

गायन समय : प्रातःकाल

आरोह : सा, रे॒, रे॒ प, ध॒, नि सां।अथवा सा रे॒ सा, प ध॒ नि सां

अवरोह : सां नि ध॒ - प, रे॒, रे॒ सा। सां नि ध॒ प सा रे॒ सा

पकड़ : रे॒, रे॒ प, ध॒निसां निध॒ - प, रे॒ - रे॒ सा

विशेष : यह एक दक्षिणात्य अल्प प्रचलित भैरव का प्रकार है । यह गंभीर प्रकृतिका राग है | इस राग में भी 'देवरंजनी', 'मेघरंजनी' के समान दोनों पास के स्वर एक साथ वर्ज्य है । वैसे देखा जाय तब दो पास-पास के स्वर एक साथ वर्ज्य होना शास्त्रोक्त रीति से असम्मत माना जाता है। मेलकर्ता १५ मायामालवगौड़ से इस राग की उत्पत्ति मानी गई है । इस राग में 'रे॒ प' की संगती से 'श्री' राग की छाया सामने आती है; परन्तु धैवत को बार-बार सामने लाकर 'भैरव' दिखाते रहने से 'श्री' दूर होता है । दक्षिण में 'प सारे॒सा' इस प्रकार षड्ज पर वक्र रूप से अवरोहात्मक आते हैं फिर भी ज्यादातर 'प रे॒ सा' इस प्रकार सरल अवरोहात्मक प्रयोग होता है । साप, रे॒प, परे॒, प सारे॒सा, रे॒ध़॒, ऩिध़॒सा, निसां ध॒प, इत्यादि रागवाचक

स्वर-संगतियाँ इस राग में बार-बार दिखाई देती है |[७२] ‘मारिफुन्नग़मात (प्रथम भाग)’ के अंतर्गत इस राग का वादी धैवत तथा संवादी रिषभ माना है ।

स्वर विस्तार : सा - सारेसासा ऩि ध़ प, ध़ ऩि सा, सा रे रे प, रे रे सा, ऩि ध़ - ऩि सा, रे रे सा। रेरेसाऩिध़ऩिसा रे रे प, रे रे प- ध - प, नि - ध - प , प-ध-नि सां, निध-प, धनि सां -,ध ध - प, ध - निसां, निध - प, ध-प-,रे-रे-सा। प-ध-निसां, निसां - -, रेंरेंसांनिसां रेंसांनिसां-निध- - प, सा प, रे प, धधप, ध ध प - रे प रे रे सा, सारे प, निध प, ध, निसां, रें सां, निधपधप, रेप, रेप, सारेसा, ऩि ध़ सा |[७३]

राग : देशगौड़ – एकताल (मध्यलय)

स्थायी: प्रथम सुरन को साध, श्रुतियन भेद न समझायो।
अंतरा: नाद सागर अपरम्पार, कोऊ न पायो पार॥

स्थायी

सा	सा	(प)रे	प	प	-	प	प	ध	-	प	-
प्र	थ	म	सु	र	ऽ	न	को	सा	ऽ	ध	ऽ
×		०		२		०		३		४	
प	ध	नि	सां	ध	प	रे	प	रे	रे	सा	-
श्रु	ति	य	न	भे	द	न	स	म	झा	यो	ऽ
×		०		२		०		३		४	

अंतरा

प	-	ध	नि	सां	सां	सां	सां	सां	रें	-	सां
ना	ऽ	द	सा	ग	र	अ	प्रं	ऽ	पा	ऽ	र
×		०		२		०		३		४	
धनि	सां	नि	ध	प	-	ध	प	रे	रे	सा	- ७४
कोऽ	ऽ	ऊ	न	पा	ऽ	यो	पा	ऽ	ऽ	र	ऽ
×		०		२		०		३		४	

२.४.४ राग : झीलफ

थाट : भैरव

वर्ज्य स्वर : रिषभ तथा निषाद

जाति : औडव-औडव

स्वर : धैवत कोमल

वादी : धैवत कोमल

संवादी : गंधार

गायन समय : प्रात:काल

आरोह : सा, ग म, प ध॒, सां

अवरोह : सां ध॒ प, म ग, सा

पकड़ : ग म प, ध॒ ध॒ प, म प म, ग, म सा

विशेषता : भैरव ठाठ का यह एक अल्प प्रचलित प्रकार है | इस राग का प्रचार हज़रत अमिर खुसरो ने किया ऐसी मान्यता है | राग झिलफ के दो प्रकार है १) आसावरी ठाट २) भैरव ठाट | आसावरी ठाट का जो झिलफ राग है वह संपूर्ण जाति का राग है; जिसमें जौनपुरी तथा षट राग का मिश्रण है | जो भैरव ठाठ के झिलफ राग से भिन्न है |

भैरव ठाठ के झिलफ में 'रे॒, नि' वर्ज्य है | इस राग में बार-बार मध्यम पर न्यास एवं 'म सा' संगती का प्रयोग, इसी प्रकार धैवत से पंचम की सावकाश मिन्ड युक्त संगति का प्रयोग इत्यादि भैरव ठाठ के झिलफ में बार-बार दिखाई देता है | इस राग का चलन मध्य तथा तार सप्तक में राग को अधिक उजागर करता है | भैरव ठाठ के झिलफ में कुछ गुणीजन कोमल

रिषभ तथा निषाद का कभी-कभी अल्प प्रयोग करते हैं | परन्तु ज्यादातर कोमल रिषभ तथा निषाद यह दोनों स्वर वर्ज्य प्रकार ही अधिक प्रचार में है |[७५] भातखंडे जी ने रिषभ तथा निषाद को दुर्बल माना है |[७६] पं. मधुसूदन पटवर्धन के मतानुसार राग भैरव में रिषभ तथा निषाद वर्ज्य करने से इस राग के दर्शन होते हैं | यह राग अप्रचलित की श्रेणी का होने पर भी वर्तमान में लोक प्रिय हो सकता है |[७७]

स्वर विस्तार : सा ग म प, ध, ध प, ध, प, म, मप, ग, मसा, ग म प, धप, पपमग गमप ध प म ग, ग म प ध, प, ध, सां ध सां ध, प, प ध म प ग म ग , सा |

ध ध प म पम ग , ग म ध, ध, सां, सां मं, गं सां, गंगंसां धसां, सां ध, प, ध ध प, मप, गम, सागमप, म, पम,पग, म, सा |[७८]

राग : झीलफ - त्रिताल (मध्यलय)

स्थायी : दरस बिन सुना लागे देस, विदेश पिया सों मिलावो रे कोऊ करुहूँ आली तन मन से |
अंतरा : का करूँ कित जाऊँ सखी री, धरूँ जोगन को भेस ||

स्थायी

म
द

प म ग सा	ध - - ध	- प - ध	धप मप म सा
र स बि न	सु ऽ ऽ ना	ऽ ऽ ला गे	देऽ ऽऽ स वि
३	×	२	०
ग म प म	ग - सा प	प ध प ध	सां - सांधसां ध
दे ऽ श पि	या ऽ सों मि	ला ऽ वो रे	ऽ ऽ को ऽ
३	×	२	०
प , सां सां	सां - सां सां	सा सा ग म	प म प म
ऊ , क र	हूँ ऽ आ ली	त न म न	से ऽ ऽ द
३	×	२	०

अंतरा

धप म प ध	धसां - - सां	सां - सां सां	- सां सांध -
काऽ ऽ ऽ क	रूँ ऽ ऽ कि	त जा ऽ ऊँ	- स खी ऽ
३	×	२	०

प सा म -	, ध प ध	प ध धप मप	मप धसां धप म[७९]
री, ध रूँ ऽ	, जो ऽ ग	न को भेऽ ऽऽ	ऽऽ ऽऽ सऽ द
३	×	२	०

२.४.५ राग : देवरंजनी

थाट : भैरव

वर्ज्य स्वर : रिषभ तथा गंधार

जाति : औडव-औडव

स्वर : धैवत स्वर कोमल तथा दोनों निषाद शेष स्वर शुद्ध

वादी : सा

संवादी : म

गायन समय : प्रात:काल

आरोह : सा, म, प, ध॒, नि सां

अवरोह : सां, नि ध॒, नि ध॒ प, म, सा

पकड़ : म प ध॒ सां, नि सां, ध॒, नि ध॒, प म, प म सा

विशेषता : यह एक दक्षिणात्य राग है। उत्तर में भी यह अधिक लोकप्रिय हुआ है । 'राग लक्षण' में इस राग का परिचय दिया गया है। इस राग की उत्पत्ति दक्षिण मेलकर्ता १५ मायामालवगौड़ से हुई है। आरोह में बहुदा "ध॒सां निसां" तथा बिच-बिच में "ध॒निसां निसां" इस प्रकार शुद्ध निषाद का अल्प प्रयोग किया जाता है। उसी प्रकार अवरोह में बहुदा "सांध॒नीध॒" तथा बीच-बीच में "सांनिध॒प" इस प्रकार शुद्ध निषाद का प्रयोग किया जाता है। कोमल निषाद का प्रयोग विवादी के नाते बीच में 'ध॒नि॒ध॒प' इस प्रकार किया जाता है। यह एक उत्तरांग वादी गंभीर प्रकृति का राग होने से विलंबित ख्याल, गत के लिए अधिक उपयुक्त है। इसे दक्षिण में 'देवरंजी' कहते हैं;

